T 24

പൊതു വിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ്

ഡയറ്റ് എറണാകുളം

വൈഭവം 2021

എസ് എസ് എൽ സി അക്കാദമിക പിന്തുണ

സമയം : 45 മിനിറ്റ് | **ഹിന്ദി** | ആകെ സ്കോർ : 20

हिंदी

सामान्य निर्देश :

* प्रश्न ध्यान से पढ़ें।

* स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

*यहाँ 25 स्कोर के प्रश्न दिए हैं,आप को सिर्फ 20 स्कोर के लिए ही उत्तर लिखना है।

सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लें।

1.निम्नलिखित आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें। (1)

“सत्य टूटे पहियों का आश्रय ले सकता है।"

2.कवि और कविता का परिचय देते हुए निम्नलिखित पंक्तियों का आशय लिखें। (3)

सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें।

गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई। रस्सी के साथ घडा धड़ाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं। ठाकुर 'कौन है?'कौन है?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहूँचकर देखा कि जोखू लोटा मूँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है।

3..घर पहूँचकर गंगी ने क्या देखा? (1)

4.'जाति–प्रथा एक अभिशाप है।'–जाति–प्रथा के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें । (4)

सूचना :' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।

मैं ने हाथ बढाया मेरा हाथ पकड कर वह खडा हुआ मुझे वह नहीं जानता था मेरे हाथ बढाने को जानता था हम दोनों साथ चले

5.मुझे – में निहित सर्वनाम कोल–सा है ? (1)

[क) तुम ख)मैं ग)वह घ)यह]

6.कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। (4)

सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दीपावली की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुला तो बेला के सिर पर सफेद पट्टी बाँधी थी। कोई उसे "होए होए होए सफेद पट्टी" कह रहा था तो कोई "सुल्ताना डाकू" तो कोई कुछ और कहकर चिढ़ा रहा था।"ये क्या हो गया बेला" साहिल ने परेशान होते हुए पूछा।"छत से गिर गई" बेला ने हँसते हुए कहा और कहा, “बहुत दिन हो गए,आज खेल घंटी में गाँधी चौक में लंगडी टाँग खेलेंगे।" “नहीं खेलेंगे। तेरे सिर में फिर से लग जाएगी तो....?”

7. सही उत्तर चुनकर लिखें। (1)

[क)बेला के पैर पर चोट लगी थी । ख)बेला के हाथ पर चोट लगी थी

ग)बेला के सिर पर चोट लगी थी। ख)बेला के घुटनों पर चोट लगी थी]

8.बेला के सिर पर सफेद पट्टी बाँधी थी। इसमें विशेषण शब्द कौन–सा है? (1)

9.कहानी के अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

सूचना : ' सबसे बड़ा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।

गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा।इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया।

10.चार्ली ने गाना रोक दिया। क्यों? (1)

[क)गाना आधा ही आता था। ख)स्टेज पर से पैसा बटोरना था।

ग)गाना भूल गया था। घ)गला खराब हो गया।]

11.मान लें , चार्ली उस दिन अपने विचारों को डायरी में लिखता है। चार्ली की संभावित डायरी लिखें। (4)